  क्वींसलैंड में– कवर को निकालने सहित सर्विसिंग या मरम्मत करने के लिए प्राधिकृत सर्विस कर्मी के पास गैस कार्य प्राधिकरण या हाइड्रोकार्बन रेफ्रिजरेंट के लिए लाइसेंस होना आवश्यक है। (केवल ऑस्ट्रेलिया के लिए)
- प्रशीतन सर्किट में रिसाव पाए जाने की स्थिति में ज्वलनशील गैस-वायु मिश्रण के निर्माण से बचने के लिए, उपकरण वाले कमरे का आकार प्रयुक्त प्रशीतक की मात्रा पर निर्भर हो सकता है।
- क्षति के लक्षण इंगित करने वाले उपकरण को कभी आरंभ न करें।
  अगर कोई शंका है, तो अपने डीलर से परामर्श लें।
  आपके व्यक्तिगत उपकरण में रेफ्रिजरेंट की मात्रा उपकरण के भीतर लगी पहचान प्लेट पर दिखाई गई है।
- पाइपों से रिसने वाले रेफ्रिजरेंट से आग लग सकती है या आँखों को चोट पहुँच सकती है। जब पाइप से रेफ्रिजरेंट रिस रहा हो, तो अनावृत ज्वाला से बचें और किसी भी ज्वलनशील पदार्थ को उत्पाद से दूर ले जाएँ और कमरे में तुरंत हवा का संचार करें।
- ऐसा करने में विफल रहने पर आग लग सकती है या विस्फोट हो सकता है।

DA68-02996A-01.indb 3 2014. 1. 14. 9:40

महत्वपूर्ण सुरक्षा प्रतीक और सावधानियाँ:

	खतरे या असुरक्षित व्यवहार जिनसे **गंभीर निजी चोट लग सकती है या मृत्यु हो सकती है।**
	खतरे या असुरक्षित व्यवहार जिनसे **हल्की निजी चोट लग सकती है या संपत्ति की क्षति हो सकती है।**

	इसका प्रयास न करें।
	इसे खोलें नहीं।
	इसे स्पर्श न करें।
	निर्देशों का सावधानीपूर्वक पालन करें।
	दीवार के सॉकेट से बिजली के प्लग को निकाल दें।
	बिजली के झटके से बचने के लिए सुनिश्चित करें की मशीन स्थिर है।
	सहायता के लिए संपर्क केंद्र पर कॉल करें।
	नोट।

ये चेतावनी चिह्न यहाँ आपको तथा अन्य लोगों को चोट से बचाने के लिए हैं।
कृपया उनका ध्यानपूर्वक अनुसरण करें।
इस अनुभाग को पढ़ने के बाद, इसे भावी संदर्भ के लिए किसी सुरक्षित स्थान में रखें।

DA68-02996A-01.indb 4 2014. 1. 14. 9:40

परिवहन और साइट के लिए गंभीर चेतावनी चिह्न

चेतावनी

- उपकरण का परिवहन और स्थापना करते समय यह सुनिश्चित करने के लिए सावधानी बरती जानी चाहिए कि प्रशीतन सर्किट का कोई भाग क्षतिग्रस्त तो नहीं है।

- पाइप से रिसने वाले रेफ्रिजरेंट से आग लग सकती है या आँखों को चोट पहुँच सकती है। अगर रिसाव का पता लगता है, तो अग्नि या प्रज्वलन के संभावित स्रोत से बचें और उपकरण वाले कमरे में कुछ समय तक हवा आने दें।
- उपकरण के स्थानांतरण एवं स्थापना के दौरान प्रशीतन सर्किट के किसी भी भाग का क्षतिग्रस्त न होना सुनिश्चित करने के लिए सावधानी बरतनी चाहिए।

• रेफ्रिजरेटर का परिवहन और स्थापना करते समय, रेफ्रिजरेटर के पिछले हिस्से पर लगे पानी के होज़ को स्पर्श न करें।

- इससे रेफ्रिजरेटर को क्षति पहुँच सकती है और परिणामस्वरूप पानी के डिस्पेंसर का उपयोग नहीं किया जा सकेगा।

स्थापना के लिए गंभीर चेतावनी चिह्न

चेतावनी

- विद्युतीय हिस्सों में खराब विद्युत-रोधन के कारण बिजली के झटके या आग लग सकती है।

• इस रेफ्रिजरेटर को सीधे सूर्यप्रकाश में न रखें या स्टोव, रूम हीटर या अन्य उपकरण की गर्मी से दूर रखें।

• एकाधिक पावर बोर्ड में अनेक उपकरणों के प्लग न लगाएँ।
रेफ्रिजरेटर का प्लग हमेशा अपने अलग बिजली के आउटलेट में लगा होना चाहिए जिसकी वोल्टेज रेटिंग, रेटिंग प्लेट से मेल खाती हो।

- यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन प्रदान करता है और इससे घर का वायरिंग सर्किट ओवरलोड होने से भी बचता है, जिससे अत्यधिक गर्म तारों से आग का खतरा हो सकता है।

• अगर वाल सॉकेट ढीला हो, तो उसमें प्लग न लगाएँ।

- इससे बिजली के झटके या आग का जोखिम होता है।

• ऐसे किसी तार का उपयोग न करें जिसकी पूरी लंबाई या किसी छोर में दरारें या घर्षण क्षति नजर आ रही हो।

• बिजली के तार को खींचे या अधिक मोड़ें नहीं।

• बिजली के तार को मरोड़ें या बाँधें नहीं।

DA68-02996A-01.indb 5 2014. 1. 14. 9:40

- बिजली के तार को धातु के पदार्थ पर न लटकाएँ, बिजली के तार पर कोई भारी पदार्थ न रखें, बिजली के तार को पदार्थों के बीच न डालें या बिजली के तार को उपकरण के पिछले हिस्से में न खींचें।
- रेफ्रिजरेटर का स्थान बदलने के दौरान, बिजली के तार को क्षतिग्रस्त न होने दें।
- इसके कारण बिजली का झटका या आग लग सकती है।
- रेफ्रिजरेटर के पास वतिलयनों का उपयोग न करें।
- रेफ्रिजरेटर के पास वतिलयनों का उपयोग करने से विस्फोट हो सकता है या आग लग सकती है।
- बिजली के तार को अधिक न मोड़ें या इस पर कोई भारी चीज न रख दें।

- यह रेफ्रिजरेटर उचित तरीके से स्थापित किया जाना चाहिए और उपयोग से पूर्व पुस्तिका के अनुसार अवस्थित होना चाहिए।
- रेफ्रिजरेटर को आर्द्रता वाले स्थान पर या किसी ऐसे स्थान पर स्थापित न करें जहाँ यह पानी के संपर्क में आ सकता हो।
- विद्युतीय हिस्सों में खराब विद्युत-रोधन के कारण बिजली के झटके या आग लग सकती है।
- तार को नीचे लटकाकर बिजली के प्लग को उचित स्थिति में कनेक्ट करें।
- अगर आप बिजली के प्लग को उल्टा लगाते हैं, तो तार कट सकता है और आग या बिजली का झटका लग सकता है।
- रेफ्रिजरेटर के पिछले हिस्से द्वारा बिजली के प्लग का कुचलना या क्षतिग्रस्त न होना सुनिश्चित करें।
- रेफ्रिजरेटर का स्थान बदलने के दौरान, बिजली के तार को क्षतिग्रस्त न होने दें।
- इससे आग का जोखिम हो सकता है।
- पैकिंग सामग्री को बच्चों की पहुँच से दूर रखें।
- अगर बच्चे उन्हें अपने सिर पर रखेंगे जो घुटन की वजह से मृत्यु होने का खतरा है।
- इस उपकरण को कुछ इस प्रकार लगाया जाना चाहिए कि यह बिजली के प्लग की पहुँच में हो।
- ऐसा करने में विफल रहने पर बिजली के रिसाव के कारण बिजली का झटका या आग लग सकती है।

DA68-02996A-01.indb 6 2014. 1. 14. 9:40

- इस उपकरण को किसी हीटर, ज्वलनशील सामग्री के पास स्थापित न करें।
- इस उपकरण को किसी नम, तेलीय या धूलयुक्त स्थान, किसी ऐसे स्थान पर न रखें जहाँ सीधा सूर्यप्रकाश और पानी (वर्षा की बूंदों) आता हो।
- इस उपकरण को किसी ऐसे स्थान पर स्थापित न करें जहाँ गैस रिस सकती हो।

- इसके कारण बिजली का झटका या आग लग सकती है।

- अगर रेफ्रिजरेटर में धूल या पानी है, तो बिजली के प्लग को निकाल दें और अपने Samsung Electronics सेवा केंद्र से संपर्क करें।

- अन्यथा, आग लगने का जोखिम बना रहता है।

- उपकरण के ऊपर खड़े न हों या उपकरण पर वस्तुएँ (जैसे धुलने वाले कपड़े, जली मोमबत्ती, जली सिगरेट, थालियाँ, रसायन, धातु की वस्तुएँ आदि) न रखें।

- इससे बिजली का झटका, आग लग सकती है, उत्पाद में समस्याएँ हो सकती हैं या चोट लग सकती है।

- यह उपकरण ठीक प्रकार ग्राउंड किया गया होना चाहिए।
- उपकरण को गैस पाइप, प्लास्टिक के पानी के पाइप या टेलीफ़ोन लाइन से ग्राउंड न करें।

- बिजली लीकेज रोकने या रेफ्रिजरेटर से वर्तमान लीकेज के कारण बिजली के झटके से बचने के लिए आपको रेफ्रिजरेटर को ग्राउंड कर देना चाहिए।

- इससे बिजली का झटका, आग लग सकती है, विस्फोट हो सकता है या उत्पाद में समस्याएँ हो सकती हैं।

- बिजली के प्लग को कभी भी ऐसे सॉकेट में न लगाएँ जिसे ठीक प्रकार ग्राउंड नहीं किया गया है और सुनिश्चित करें कि यह स्थानीय और राष्ट्रीय संहिताओं के अनुपालन में है।

- अगर बिजली का तार क्षतिग्रस्त हो, तो इसे निर्माता या किसी सर्विस एजेंट द्वारा तत्काल बदलवाएँ।
- रेफ्रिजरेटर पर लगा फ्यूज़ योग्य तकनीशियन या सर्विस कंपनी द्वारा ही बदला जाना चाहिए।

- ऐसा करने में विफल रहने पर बिजली का झटका या निजी चोट लग सकती है।

DA68-02996A-01.indb 7 2014. 1. 14. 9:40

सावधानी स्थापना के लिए सावधानी चिह्न

- उपकरण अंतः क्षेत्र या समन्वायोजन संरचना में मौजूद वायुसंचार छिद्र में किसी भी तरह की रूकावट न आने दें।
- स्थापना के बाद उपकरण को 2 घंटे तक खड़ा रहने दें।
- इस उपकरण की स्थापना या कोई भी सर्विस, योग्य तकनीशियन या सर्विस कंपनी से करने की अनुशंसा की जाती है।

- ऐसा करने में विफल रहने पर बिजली का झटका, आग लग सकती है, विस्फोट हो सकता है, उत्पाद में समस्याएँ हो सकती हैं या चोट लग सकती है।

चेतावनी उपयोग के लिए गंभीर चेतावनी चिह्न

- गीले हाथों से बिजली के प्लग को स्पर्श न करें।

- इसके कारण बिजली का झटका लग सकता है।
- उपकरण के शीर्ष पर सामान न रखें।
- जब आप दरवाजा खोलते या बंद करते हैं, तो सामान गिर सकते हैं तथा उससे निजी चोट और/या उपकरण क्षतिग्रस्त हो सकता है।
- पानी से भरे आइटम को रेफ्रिजरेटर पर न रखें।
- इसके फैलने से आग या बिजली के झटके का खतरा होता है।
- गीले हाथों से फ्रीजर के अंदरूनी दीवारों या फ्रीजर में रखे उत्पादों को न छूएँ।
- इससे शीतदंश हो सकता है।
- किन्हीं तापमान संवेदी पदार्थों जैसे ज्वलनशील स्प्रे, ज्वलनशील वस्तुएँ, सूखी बर्फ, दवाई या रसायनों का उपयोग रेफ्रिजरेटर के पास न करें या इन्हें उसके पास न रखें। रेफ्रिजरेटर में विस्फोटक या ज्वलनशील वस्तुएँ या पदार्थ (बेंजीन, थिनर, प्रोपेन गैस, अल्कोहल, ईथर, LP गैस और अन्य ऐसे उत्पाद आदि) न रखें।
- यह रेफ्रिजरेटर केवल भोजन संग्रहीत करने के लिए है।
- इसके कारण आग लग सकती है या विस्फोट हो सकता है।

DA68-02996A-01.indb 8 2014. 1. 14. 9:40

- रेफ्रिजरेटर में औषधीय उत्पाद, वैज्ञानिक सामग्रियाँ या तापमान-संवेदी उत्पाद न रखें।

- ऐसे उत्पादों को रेफ्रिजरेटर में नहीं रखा जाना चाहिए जिनके लिए सख्त तापमान नियंत्रणों की आवश्यकता होती है।

- रेफ्रिजरेटर/फ्रीजर के अंदर बिजली के उपकरण को न रखें या उनका उपयोग न करें, बशर्ते वे निर्माता द्वारा अनुशंसित श्रेणी के हों।

- अगर आपको औषधि या धूएँ की गंध आती है, तो तुरंत बिजली का प्लग निकाल दें और अपने Samsung Electronics सेवा केंद्र से संपर्क करें।

- अगर रेफ्रिजरेटर में धूल या पानी है, तो बिजली के प्लग को निकाल दें और अपने Samsung Electronics सेवा केंद्र से संपर्क करें।

- अन्यथा, आग लगने का जोखिम बना रहता है।

- अगर गैस रिसाव का पता लगता है, तो किसी भी अनावृत ज्वाला या ज्वलन के संभावित स्रोतों से बचें और जिस कमरे में उपकरण रखा है उसमें कई मिनट तक वायु का संचार करें।

- विहिमीकरण प्रक्रिया को तेज करने के लिए निर्माता द्वारा अनुशंसित मशीनी उपकरण या किसी दूसरे उपाय के बिना किसी अन्य उपकरण या उपाय का उपयोग न करें।

- प्रशीतक सर्किट को क्षति न पहुँचाएँ।

- उपकरण की सतह पर कीटनाशक जैसे ज्वलनशील पदार्थ का स्प्रे न करें।

- मानवों के लिए खतरनाक होने के साथ-साथ, इसके परिणामस्वरूप बिजली का झटका, आग लग सकती है या उत्पाद में समस्याएँ आ सकती हैं।

- रेफ्रिजरेटर के अंदरूनी हिस्से को सूखाने के लिए हेयर ड्रायर का उपयोग न करें।

- दुर्गंध हटाने के लिए रेफ्रिजरेटर के अंदर जलती मोमबत्ती न रखें।

- इसके कारण बिजली का झटका या आग लग सकती है।

- पानी के टैंक, बर्फ की ट्रे और पानी की क्यूब को केवल पीने योग्य पानी (मिनरल वाटर या परिष्कृत पानी) से ही भरें।

- टैंक में चाय, जूस या खेल संबंधी पेय-पदार्थ न भरें, इससे रेफ्रिजरेटर को क्षति पहुँच सकती है।

- बच्चों को दरवाजे से लटकने न दें।

- अन्यथा, गंभीर चोट लग सकती है।

- बच्चों के फंसने का जोखिम।

- बच्चों को रेफ्रिजरेटर के भीतर प्रवेश न करने दें।

- जब रेफ्रिजरेटर के पास कोई न हो तो उसके दरवाज़ों को खुला न छोड़ें और बच्चों को रेफ्रिजरेटर के भीतर प्रवेश न करने दें।

- शिशुओं और बच्चों को दराज के भीतर न जाने दें।

- इसके कारण फंसने की वजह से दम घुटन से मृत्यु हो सकती है या निजी चोट लग सकती है।

DA68-02996A-01.indb 9 2014. 1. 14. 9:40

- विहिमीकरण प्रक्रिया को तेज करने के लिए निर्माता द्वारा अनुशंसित मशीनी उपकरण या किसी दूसरे उपाय के बिना किसी अन्य उपकरण या उपाय का उपयोग न करें।
- प्रशीतक सर्किट को क्षति न पहुँचाएँ।
- फ़्रिज शेल्फ को उल्टा न रखें।
  इससे शेल्फ स्टॉपर कार्य नहीं कर पाएगा।
- इससे काँच की शेल्फ के गिरने के कारण निजी चोट लग सकती है।
- फ़्रिज शेल्फ को बक्से के स्थान पर न रखें।
  अगर बलपूर्वक ऐसा किया जाता है, तो दीवार या काँच टूट सकता है।
- इससे निजी चोट लग या सामग्री की क्षति हो सकती है।

- गैस रिसाव (जैसे प्रोपेन गैस, LP गैस आदि) की स्थिति में, बिना बिजली के प्लग को छूए तत्काल हवा करें।
  उपकरण या बिजली के तार को न छूएँ।
- किसी हवादार पंखे का उपयोग न करें।
- एक चिंगारी से विस्फोट या आग लग सकती है।
- केवल निर्माता या सर्विस एजेंट द्वारा प्रदान की गई LED लैंप का ही उपयोग करें।
- बच्चों की देखरेख की जानी चाहिए ताकि उनका उपकरण के साथ न खेलना सुनिश्चित किया जा सके।
- उंगलियों को "पिंच-पॉइंट" क्षेत्रों से दूर रखें, दरवाज़ों और कैबिनेट के बीच का स्थान बहुत छोटा होता है।
- बच्चों को दरवाजे से लटकने न दें। अन्यथा, गंभीर चोट लग सकती है।
- इसमें बच्चों के फंसने का जोखिम।
  बच्चों को रेफ़्रिजरेटर के भीतर प्रवेश न करने दें।
- बोतलों को एकदम सटाकर रखना चाहिए ताकि वे गिर न जाएँ।
- यह उत्पाद घरेलू परिवेश में केवल खाद्य पदार्थ के भंडारण के लिए नियत है।
- उंगलियों या अन्य वस्तुओं को डिस्पेंसर छिद्र और बर्फ बनाने वाली बकेट में न रखें।
- इससे निजी चोट लग या सामग्री की क्षति हो सकती है।

DA68-02996A-01.indb 10 2014. 1. 14. 9:40

- हाथों, पैरों या धातु की वस्तुओं (जैसे चॉपस्टिक, आदि) को रेफ़्रिजरेटर के निचले या पिछले भाग में न डालें।
- इसके कारण बिजली का झटका या चोट लग सकती है।
- किसी भी नुकिले किनारे से निजी चोट लग सकती है।

- स्वयं उपकरण की मरम्मत, उसे खोलने या संशोधित करने का प्रयास न करें।
- मानक फ्यूज़ के अलावा किसी अन्य फ्यूज़ (जैसे ताँबे, स्टील के तार, आदि) का उपयोग न करें।
- जब उपकरण की मरम्मत या पुनः स्थापना की आवश्यकता हो, तो अपने निकटतम सेवा केंद्र से संपर्क करें।
- ऐसा करने में विफल रहने पर बिजली का झटका, आग लग सकती है, उत्पाद में समस्याएँ हो सकती हैं या चोट लग सकती है।

- अगर उपकरण अजीब आवाज़, जलन या गंध या धुआँ पैदा करता है, तो तत्काल बिजली प्लग निकालें और अपने निकटतम सेवा केंद्र से संपर्क करें।
- ऐसा करने में विफल रहने पर बिजली या आग के जोखिम हो सकते हैं।
- रेफ़्रिजरेटर के अंदरुनी लैंप को बदलने से पहले पावर प्लग को सॉकेट से बाहर निकाल लें
- अन्यथा, बिजली के झटके का जोखिम बना रहता है।
- अगर आप लाइट बदलने में परेशानी महसूस करते हैं, तो सर्विस एजेंट से संपर्क करें।
- अगर उत्पादों में LED लैंप लगी हैं, तो स्वयं लैंप कवर या LED लैंप को न खोलें।
- कृपया अपने सर्विस एजेंट से संपर्क करें।
- दीवार के सॉकेट में बिजली के प्लग को मजबूती से लगाएँ।
  क्षतिग्रस्त बिजली के प्लग, क्षतिग्रस्त बिजली की तार या ढीले दीवार के सॉकेट का उपयोग न करें।
- इसके कारण बिजली का झटका या आग लग सकती है।
- पानी से भरे पात्र को उपकरण पर न रखें।
- इसके फैलने से आग या बिजली के झटके का खतरा होता है।
- UV LED लैंप को लंबे समय तक सीधे न घूरें।
- इससे पराबैंगनी किरणों के कारण आँखों को नुकसान हो सकता है।

DA68-02996A-01.indb 11 2014. 1. 14. 9:40

⚠ सावधानी उपयोग के लिए चेतावनी चिह्न

• उत्पाद से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पाने के लिए,

- खाद्य पदार्थों को उपकरण के पिछले भाग में निकासों के सामने बहुत पास न रखें क्योंकि इससे रेफ्रिजरेटर कंपार्टमेंट में स्वतंत्र वायु संचार बाधित हो सकता है।
- भोजन को रेफ्रिजरेटर में रखने से पहले उचित तरीके से ढकें या किसी वायुरुद्ध पात्र में रखें।
- तुरंत बनाए गए भोजन को फ्रीज करने के लिए पहले से मौजूद भोजन के पास न रखें।

• ग्लास या बोतल या कार्बोनेट किए गए पेय-पदार्थों को फ्रीजर में न रखें।

- पात्र जम या टूट सकता है और इससे चोट लग सकती है।

• कृपया जमे हुए सामानों के अधिकतम संग्रहण समय और समाप्ति तिथियों का ध्यान रखें।

• अगर आप तीन सप्ताह से कम समय के लिए बाहर हैं तो रेफ़्रजरेटर को बिजली आपूर्ति से डिस्कनेक्ट करने का आवश्यकता नहीं है। लेकिन, अगर आप तीन सप्ताह या अधिक समय के लिए बाहर जा रहे हैं तो सभी भोजन को निकाल दें। रेफ्रिजरेटर का प्लग निकालें और इसकी सफाई, धुलाई करें और सुखाएँ।

• कार्बोने किए गए या गैस युक्त पेय पदार्थों को फ्रीजर कंपार्टमेंट में न रखें।
बोतल या काँच के पात्रों को फ्रीजर में न रखें।

- जब अंदर रखा पदार्थ जम जाता है, तो काँच टूट सकता है और निजी चोट लग सकती है और संपत्ति को क्षति हो सकती है।

• रेफ्रिजरेटर की कार्यक्षमता को परिवर्तित या संशोधित न करें।

- परिवर्तनों और संशोधनों से निजी चोट और/या संपत्ति को क्षति पहुँच सकती है।
इस पूर्ण उपकरण पर तृतीय पक्ष द्वारा किया गया कोई भी परिवर्तन या संशोधन न तो Samsung वारंटी सेवा में शामिल है और न ही तृतीय पक्ष के संशोधनों से होने वाली सुरक्षा समस्याओं और क्षतियों के लिए Samsung ज़िम्मेदार है।

• वायु छिद्रों को अवरोधित न करें।

- अगर वायु छिद्र अवरोधित हो जाते हैं, विशेष रूप से प्लास्टिक बैग से, तो रेफ्रिजरेटर आवश्यकता से अधिक ठंडा हो सकता है।

DA68-02996A-01.indb 12 2014. 1. 14. 9:40

- केवल रेफ़्रिजरेटर के साथ प्रदान किए गए आइस-मेकर का उपयोग करें।
- भीतर से अधिक नमी को पोंछ दें और दरवाज़ों को खुला छोड़ दें।

- अन्यथा, दुर्गंध और फफूँद उत्पन्न हो सकती है।

- जब रेफ़्रिजरेटर पानी से भीग जाए, तो बिजली के प्लग को निकाल दें और अपने Samsung Electronics सेवा केंद्र से संपर्क करें।
- काँच की सतह पर तेज़ झटका या अत्यधिक बल न लगाएँ।

- टूटे काँच से निजी चोट और/या संपत्ति को क्षति हो सकती है।

- सावधान रहें कि यह आपकी उंगलियों पर न लगे।



- अगर फ़्रीजर और रेफ़्रिजरेटर के दरवाज़े 2 सेकंड या अधिक समय के लिए खुले छोड़े जाते हैं, तो फ़्रीजर और रेफ़्रिजरेटर की लैंप बंद की जा सकती है।

- जब दरवाज़ों को बंद करके फिर से खोला जाएगा तो लैंप वापस जल जाएँगी।

DA68-02996A-01.indb 13 2014. 1. 14. 9:40

सफाई और रखरखाव के लिए सावधानी चिह्न

सावधानी

- प्रदर्शन पर सफाई उत्पादों को सीधे स्प्रे न करें।

- प्रदर्शन पर लगे मुद्रित पत्र छूट सकते हैं।

- अगर कोई बाहरी पदार्थ जैसे पानी उपकरण में प्रवेश कर गया है, तो बिजली के प्लग को निकाल दें और अपने निकटतम सेवा केंद्र से संपर्क करें।

- ऐसा करने में विफल रहने पर बिजली का झटका या आग लग सकती है।

- नियमित रूप से एक सूखे कपड़े का उपयोग करके बिजली के प्लग के टर्मिनल और संपर्क बिंदुओं से धूल या पानी जैसे सभी बाहरी पदार्थों को निकाल दें।

- बिजली के प्लग को निकालें और इसे सूखे कपड़े से साफ करें।

- ऐसा करने में विफल रहने पर बिजली का झटका या आग लग सकती है।

- उपकरण पर सीधे पानी का स्प्रे करके उसे साफ न करें।

- सफाई के लिए बेंजीन, थिनर, या क्लोरोक्स, क्लोराइड का उपयोग न करें।

- वे उपकरण की सतह को क्षति पहुँचा सकते हैं और आग लगा सकते हैं।

- डिस्पेंसर के छिद्र में उंगलियाँ या अन्य वस्तुएँ कभी न डालें।

- इससे निजी चोट लग या सामग्री की क्षति हो सकती है।

- सफाई या रखरखाव करने से पहले, उपकरण का प्लग दीवार के सॉकेट से निकाल दें।

- ऐसा करने में विफल रहने पर बिजली का झटका या आग लग सकती है।

DA68-02996A-01.indb 14 2014. 1. 14. 9:40

⚠ चेतावनी निपटान के लिए गंभीर चेतावनी चिह्न

- शेल्फ़ को ऐसे स्थान पर रखें ताकि बच्चे आसानी से भीतर न चढ़ पाएँ।
- निपटान से पहले सुनिश्चित करें कि उपकरण के पीछे लगा कोई पाइप क्षतिग्रस्त नहीं है।
- रेफ़्रिजरेंट के रूप में R-134a का उपयोग किया गया है।
  आपके रेफ़्रिजरेटर में किस रेफ़्रिजरेंट का उपयोग किया गया है यह देखने के लिए उपकरण के पीछे लगे कंप्रेसर लेबल या रेफ़्रिजरेटर के अंदर लगे रेटिंग लेबल को देखें।
  चूंकि इस उत्पाद में ज्वलनशील गैस रोधन सामग्री में स्थित गैसों के निपटान के लिए विशेष निपटान प्रक्रिया की आवश्यकता होती है।
  इस उत्पाद के पर्यावरण की दृष्टि से सुरक्षित निपाटन के संबंध में अपने स्थानीय प्राधिकरणों से संपर्क करें।
  निपटान से पहले सुनिश्चित करें कि उपकरण के पीछे लगा कोई पाइप क्षतिग्रस्त नहीं है।
  पाइपों को एक स्थान पर तोड़ा जाना चाहिए।
- इस या किसी अन्य रेफ़्रिजरेटर का निपटान करते समय, दरवाज़ों/दरवाज़ों की सील, दरवाज़ों की सिटकनी निकाल दें ताकि बच्चे या जानवर इसके अंदर न फँसें।
  बच्चों की देखरेख की जानी चाहिए ताकि उनका उपकरण के साथ न खेलना सुनिश्चित किया जा सके।
  - अंदर फँसने पर बच्चों को चोट लग सकती है और दम घुटने से मृत्यु हो सकती है।
- कृपया इस उत्पाद की पैकेजिंग सामग्री का निपटान पर्यावरण-अनुकूल तरीके से करें।
- सभी पैकेजिंग सामग्रियों को बच्चों की पहुँच से दूर रखें, क्योंकि पैकेजिंग सामग्री बच्चों के लिए खतरनाक हो सकती है।
  - अगर बच्चा किसी बैग को अपने सिर पर रख लेता है, तो उसका दम घुट सकता है।

DA68-02996A-01.indb 15 2014. 1. 14. 9:40

उचित उपयोग के लिए अतिरिक्त युक्तियाँ

- बिजली चले जाने की स्थिति में अपनी बिजली कंपनी के स्थानीय कार्यालय में कॉल करें और पूछें कि यह कब तक आएगी।
- एक या दो घंटो में सुधार ली जाने वाली बिजली विफलताओं से आपके रेफ्रिजरेटर पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।
  हालाँकि, बिजली न होने पर आपको दरवाज़ा बार-बार नहीं खोलना चाहिए।
- लेकिन अगर बिजली 24 घंटे से अधिक समय तक नहीं आती है, तो सभी जमे भोजन को निकाल दें।
- अगर रेफ्रिजरेटर के साथ चाबियाँ प्रदान की गई हैं, तो चाबियों को बच्चों की पहुँच से दूर रखना चाहिए और इन्हें उपकरण के पास नहीं छोड़ना चाहिए।
- जब उपकरण को अधिक समय तक उस तापमान की सीमा के अंतिम शीत बिंदु पर चलाया जाता है, तो हो सकता है कि उपकरण संगत रूप से (सामग्रियों के विहिमीकरण की संभावना या जमे भोजन के कंपार्टमेंट में तापमान बहुत गर्म होना) कार्य न करे।
- ऐसे भेजन को संग्रहीत न करें जो कम तापमान पर खराब हो जाता है, जैसे केले, खरबूजे।
- आपका उपकरण तुषार मुक्त है, जिसका अर्थ है कि अपने उपकरण को मैन्युअल रूप से विहिमीकृत करने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि यह स्वचालित रूप से हो जाएगा।
- विहिमीकरण के दौरान तापमान का बढ़ना ISO आवश्यकताओं के अनुपालन में हो सकता है।
  लेकिन अगर आप उपकरण के विहिमीकरण के दौरान जमें हुए भोजन के तापमान में अनावश्यक वृद्धि से बचना चाहते हैं, तो कृपया जमे हुए भोजन को समाचारपत्रों की कई परतों में लपेट दें।
- विहिमीकरण के दौरान जमे भोजन के तापमान में किसी भी प्रकार की वृद्धि से उसका संग्रहण समय कम हो सकता है।
- उन जमे भोजनों को फिर न जमाएँ जो पूरी तरह पिघल चुकें हैं।

DA68-02996A-01.indb 16 2014. 1. 14. 9:40

बिजली की बचत करने की युक्तियाँ

- उपकरण को पर्याप्त हवा वाले एक ठंडे, सूखे कमरे स्थापित करें।
  सुनिश्चित करें कि यह सीधे सूर्य के प्रकाश के संपर्क में नहीं आ रहा है और कभी भी इसे गर्मी के प्रत्यक्ष स्रोत (उदाहरण के लिए रेडिएटर) के पास न रखें।
- उपकरण के निकासों या जालियों को कभी अवरोधित न करें।
- गर्म भोजन को उपकरण में रखने से पहले भोजन को ठंडा होने दें।
- पिघलाने के लिए जमे हुए भोजन को रेफ़्रिजरेटर में रखें।
  तब आप रेफ़्रिजरेटर में भोजन को ठंडा करने के लिए जमे उत्पादों के निम्न तापमानों का उपयोग कर सकते हैं।
- भोजन रखते या बाहर निकालते समय उपकरण के दरवाज़े को बहुत देर तक खोलकर न रखें।
  आप जितने कम समय के लिए दरवाज़ा खोलेंगे, फ़्रीजर में उतनी कम बर्फ जमेगी।
- स्थापना करते समय दाईं, बाईं, पीछे और ऊपर की ओर खाली स्थान छोड़ें।
  इससे आपको बिजली की खपत को कम करने में सहायता मिलेगी और आपके बिजली के बिल कम रहेंगे।
- ऊर्जा के सबसे प्रभावी उपयोग के लिए, कृपया भीतर की सभी फिटिंग जैसे टोकरी, दराज, शेल्फ़ को उसी स्थान पर रखें जैसा निर्माता द्वारा आपूर्ति किया गया है।

DA68-02996A-01.indb 17 2014. 1. 14. 9:40

अपने रेफ़्रिजरेटर को सेट करना

रेफ़्रिजरेटर को स्थापित करने के लिए तैयार होना

यह Samsung रेफ़्रिजरेटर की खरीदने पर आपको बधाई।
हम आशा करते हैं कि आप बहुत सी अत्यधुनिक सुविधाओं और क्षमताओं का आनंद लेंगे जो यह नया उपकरण आपको प्रदान करेगा।

- अपने नए रेफ़्रिजरेटर को स्थापित करने के लिए कृपया स्थापना इंजीनियर को कॉल करें और फिर आप अपने रेफ़्रिजरेटर की समझ और प्रदर्शन के बारे में इंजीनियर से अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।
- यह रेफ़्रिजरेटर उचित तरीके से स्थापित किया जाना चाहिए और उपयोग से पूर्व पुस्तिका के अनुसार अवस्थित होना चाहिए।
- इस उपकरण का उपयोग इस निर्देश पुस्तिका में वर्णित नियत उद्देश्य के लिए ही किया जाना चाहिए।
- हम पुरजोर अनुशंसा करते हैं कि किसी भी प्रकार की मरम्मत केवल योग्यता-प्राप्त व्यक्तियों द्वारा की जानी चाहिए।
- कृपया इस उत्पाद की पैकेजिंग सामग्री का निपटान पर्यावरण-अनुकूल तरीके से करें।

रेफ़्रिजरेटर के लिए सर्वोत्तम स्थान का चयन करना

- एक ऐसा स्थान जहाँ सूर्य का प्रकाश सीधा न पड़ता हो।
- ऐसा स्थान जिसकी सतह समतल हो।
- ऐसा स्थान जहाँ रेफ़्रिजरेटर के दरवाज़े आसानी से खुल सकें।
- आंतरिक शीतलन प्रणाली के वायु के प्रवाह के लिए पर्याप्त स्थान दें। अगर आपके रेफ़्रिजरेटर के पास पर्याप्त स्थान नहीं है, तो शायद आंतरिक शीतलन प्रणाली सुचारू रूप से कार्य न करे।





- मॉडल के आधार पर उत्पाद की लंबाई भिन्न हो सकती है।
- स्थापना करते समय दाईं, बाईं, पीछे और ऊपर की ओर खाली स्थान छोड़ें।
  इससे आपको बिजली की खपत को कम करने में सहायता मिलेगी और आपके बिजली के बिल कम रहेंगे।
- ऐसे स्थान पर रेफ़्रिजरेटर को स्थापित करें जहाँ तापमान 10 °C से कम हो।
- रेफ़्रिजरेटर को स्थानांतरित करते समय, बिजली की तार को प्लग से निकालें और सही तरीके से व्यवस्थित करें। काँच की शेल्फ और दरवाज़ों को भी टेप से सुरक्षित करें।

सावधानी

- रेफ़्रिजरेटर के पीछे स्थापना, सर्विसिंग या सफाई करते समय, इकाई को सीधा बाहर निकालें और कार्य होने के बाद सीधा वापस लगा दें।
  आपके घर की सतह इतनी मज़बूत होनी चाहिए कि वह भरे हुए रेफ़्रिजरेटर का भार सहन कर सके।
- उपकरण अंतः क्षेत्र या समन्वायोजन संरचना में मौजूद वायुसंचार छिद्र में किसी भी तरह की रुकावट न आने दें।

DA68-02996A-01.indb 18 2014. 1. 14. 9:40

रेफ्रिजरेटर को स्थिर करते समय

अगर उपकरण का सामने का भाग, पिछले भाग से थोड़ा सा ऊँचा हो, तो दरवाज़ा अधिक आसानी से खोला और बंद किया जा सकता है।
लंबाई को बढ़ाने के लिए समायोजन पाये को घड़ी की दिशा में और लंबाई को कम करने के लिए घड़ी की विपरीत दिशा में घुमाएँ।

स्थिति 1) उपकरण बाईं ओर झुक जाता है।

- बाएँ समायोजन पाये को तीर की दिशा में तब तक घुमाएँ जब तक उपकरण समतल न हो जाए।

स्थिति 2) उपकरण दाईं और झुक जाता है।

- दाएँ समायोजन पाये को तीर की दिशा में तब तक घुमाएँ जब तक उपकरण समतल न हो जाए।



अन्यथा रेफ्रिजरेटर को समायोजित करते समय आपके हाथ में चोट लग सकती है या रेफ्रिरेटर गिर सकता है।

रेफ्रिजरेटर को सेट करना

अब जब आपका नया रेफ्रिजरेटर स्थापित और अपने स्थान पर है, तो आप सेट करने और इस उपकरण के पूरी सुविधाओं और फ़ंक्शन का आनंद उठाने के लिए तैयार हैं।
निम्न चरणों को पूरा करके, आपका रेफ्रिजरेटर पूरी तरह से संचालनीय होना चाहिए।
अगर ऐसा नहीं है, तो पहले बिजली की आपूर्ति और बिजली के स्रोत जाँचें या इस उपयोगकर्ता मार्गदर्शिका के अंत में दिया गया समस्या-निवारण अनुभाग देखें।
अगर आपके कोई और प्रश्न हैं, तो अपने Samsung Electronics सेवा केंद्र से संपर्क करें।

1. रेफ्रिजरेटर को उसके और दीवार के बीच में पर्याप्त खाली जगह के साथ उचित स्थान पर रखें.
   इस मार्गदर्शिका में दिए गए स्थापना निर्देश देखें। (पृष्ठ 18 देखें)
2. एकबार रेफ्रिजरेटर प्लग कर दिए जाने पर, सुनिश्चित करें कि आपके द्वारा दरवाज़ा खोलने पर भीतर की लाइट जल जाती हैं।
3. तापमान नियंत्रण को सबसे ठंडे तापमान पर सेट करें और एक घंटे तक प्रतीक्षा करें।
   रेफ्रिजरेटर थोड़ा ठंडा हो जाना चाहिए और मोटर सुगमता से चलनी चाहिए।
4. रेफ्रिजरेटर को चालू करने के बाद, इसे उचित तापमान पर पहुँचने में कुछ घंटे लगेंगे।
   जब रेफ्रिजरेटर का तापमान पर्याप्त रूप से ठंडा हो जाए, तो आप रेफ्रिजरेटर में भोजन और पेय पदार्थ रख सकते हैं।

DA68-02996A-01.indb 19 2014. 1. 14. 9:40

अपने रेफ्रिजरेटर को संचालित करना

तापमान नियंत्रण समायोजित करना



सबसे ठंडा

अगर आप रेफ्रिजरेटर/फ्रीजर में अधिक मात्रा में भोजन संग्रहीत करना चाहते हैं या बर्फ़ जमाना चाहते हैं या फ्रीजर को तेजी से फ्रीज करना चाहते हैं तो तापमान नियंत्रण को COLDEST (सबसे ठंडा) पर सेट करें।

Normal (सामान्य)

अगर आप रेफ्रिजरेटर या फ्रीजर को सामान्य मोड में रखना चाहते हैं, तो तापमान नियंत्रण को COLDEST (सबसे ठंडा) और COLD (ठंडा) के बीच Optimal (ईष्टतम) बिंदु पर सेट करें।

Cold (ठंडा)

अगर आप रेफ्रिजरेटर या फ्रीजर में कम मात्रा में भोजन संग्रहीत करना चाहते हैं, तो तापमान नियंत्रण को COLD (ठंडा) पर सेट करें।

- जहाँ रेफ्रिजरेटर रखा गया है, अगर उस स्थान का तापमान 5 °C से कम है, तो तापमान नियंत्रण को Optimal (इष्टतम) पर सेट करें।
  क्योंकि रेफ्रिजरेटर का तापमान, आस-पास के तापमान से प्रभावित होता है और वह सेट किए गए मान से कम होगा।
- ऊपर वर्णित नोब सेटिंग के अलावा, अगर आप शीतलन बढ़ाना या घटाना चाहते हैं, तो अपनी इच्छा के अनुसार नोब को घड़ी की दिशा में या घड़ी की विपरीत दिशा में घुमाएँ।

DA68-02996A-01.indb 20 2014. 1. 14. 9:40

फ़्रीजर का तापमान समायोजित करना

अगर फ़्रीजर का तापमान कम करना चाहते हैं, तो फ़्रीजर के तापमान नियंत्रक को दाएँ पर सेट करें।



अगर फ़्रीजर का तापमान बढ़ाना करना चाहते हैं, तो फ़्रीजर के तापमान नियंत्रक को बाएँ पर सेट करें।



अगर कमरे का तापमान 10 °C से कम है, तो फ़्रीजर तापमान नियंत्रक को दाएँ पर सेट करें।



अन्यथा रेफ्रिजरेटर के प्रदर्शन में समस्याएँ हो सकती हैं।

- अगर कमरे का तापमान 35 °C से अधिक है, तो फ़्रीजर तापमान नियंत्रक को दाएँ पर सेट न करें।

बर्फ जमाना (ट्विस्ट आइस ट्रे)

1. ट्रे को 80 % तक पानी से भरें।
2. आइस ट्रे को शीर्ष फ़्रीजर दराज में रखें।
3. बर्फ के क्यूब बनने तक प्रतीक्षा करें।
4. बर्फ़ की क्यूब को बाहर निकालने के लिए आइस ट्रे को मोड़ें।



फ़्रीजिंग समय

- यह अनुशंसा की जाती है की बर्फ़ के जमने के लिए आप फ़्रीजर को MAX (अधिकतम) पर सेट करने या तापमान नियंत्रण को COLDEST (सबसे ठंडा) पर सेट करने के बाद लगभग 1~2 घंटे प्रतीक्षा करें।

सावधानी

उन काँच की बोतलों को कभी भी फ़्रीजर में नहीं रखा जाना चाहिए जिनमें तरल पदार्थ भरे हैं क्योंकि सामग्रियों के जमने पर काँच फट सकता है।

बर्फ संग्रहण पात्र में दरार पड़ना

- बर्फ संग्रहण पात्र में सीधे पानी ना डालें क्योंकि इससे यह चटक या टूट सकता है।

फ़्रीजर रूम को फ़्रीज करना

- कृपया फ़्रीजर रूम में आइस मेकर में सीधे पानी न डालें, क्योंकि अगर मात्रा से अधिक पानी भरा गया जो पूरा फ़्रीजर रूम जम सकता है।

DA68-02996A-01.indb 21 2014. 1. 14. 9:40

भोजन संग्रहीत करना (RT 26/28)

Samsung रेफ़्रिजरेटर को आपको अधिकतम स्थान बचाने वाली सुविधाएँ और फ़ंक्शन प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।
इसमें कुछ अनुकूलित कंपार्टमेंट में जिन्हें हमने आपके भोजन को अधिक समय तक ताजा रखने के लिए बनाया है। याद रखें, दुर्गंध को फैलने से रोकने के लिए, भोजन सुरक्षित रूप से लपेटा हुआ होना चाहिए और कोशिश करें कि उसमें हवा प्रवेश न करे।



मॉडल और विकल्प के आधार पर चित्र में दिए गए कुछ भाग आपके रेफ़्रिजरेटर से भिन्न हो सकते हैं।
इस उत्पाद में बिजली की अधिकतम बचत करने के लिए, कृपया सभी शेल्फ़, दराज़ों और टोकरियों को उनके मूल स्थान पर रहने दें जैसा कि चित्र में दिखाया गया है।

"अधिक स्थान प्राप्त करने के लिए, आप फ़्रीजर शेल्फ़ को निकाल सकते हैं।"



खाद्य वस्तुओं को रखने के लिए तापमान -16 °C से कम होना चाहिए और इन्हें ठीक से सील किया जाना चाहिए।

देर तक/अक्सर बिजली कटौती और बार-बार दरवाजा खोलने बंद करने से फ़्रीजर का तापमान निर्धारित सीमा से अधिक बढ़ सकता है, खाद्य वस्तु का उपभोग करने से पहले कृपया इसकी जांच करें।

(1) ट्विस्ट आइस क्यूब ट्रे

आप आइस क्यूब बना सकते हैं।
अगर आप आइस स्टोरेज बिन में बर्फ रखना चाहें तो कृपया आइस क्यूब ट्रे का हैंडल उल्टी दिशा में घुमाएं।

(2) आइस स्टोरेज बिन

आप ट्विस्ट आइस क्यूब ट्रे में बनाई गई बर्फ को रख सकते हैं।

(3) फ़्रीजर कम्पार्टमेंट तापमान नियंत्रण

आप फ़्रीजर का तापमान समायोजित (एडजस्ट) कर सकते हैं।

(4) फ़्रीजर शेल्फ

आप प्रशीतित खाद्य (फ़्रोजन फूड) के छोटे पैकेट रख सकते हैं।

(5) फ़्रीजर गार्ड

आप प्रशीतित खाद्य (फ़्रोजन फूड) के छोटे पैकेट रख सकते हैं।

DA68-02996A-01.indb 22 2014. 1. 14. 9:40

(6) रेफ्रिजेरेटर शेल्फ

कांच की बनी शेल्फ साफ करने में आसान होती है और आसानी से दिखाता है कि रेफ्रिजेरेटर में क्या रखा है।
इन शेल्फ का डिजाइन ऐसा होता है कि ये चटकती नहीं और स्टोर करने के लिए इनका उपयोग किया जा सकता है।
ये शेल्फ भोजन का स्वाद बनाए रखने में मदद करती हैं और खाद्यों की केवल ऊपरी सतह फ्रीज करके इसकी ताजगी लम्बे समय तक बरकरार रखती हैं।

(7) रेफ्रिजेरेटर कम्पार्टमेंट तापमान नियंत्रण

आप रेफ्रिजेरेटर का तापमान नियंत्रित कर सकते हैं।

(8) चमकीला सफेद प्रकाश

एलईडी लैम्प आसानी से खाद्य खोजने और रखने में आपकी मदद करता है।

(9) यूटिलिटी गार्ड

आप छोटी डेयरी वस्तुएं जैसे कि मार्जरीन मक्खन, दही या क्रीम-पनीर के टुकड़े रख सकते हैं।

(10) वेज ड्रॉअर

ताजगी बरकरार रखने के लिए आप सब्जियां और फल रख सकते हैं।

(11) जम्बो स्टोरेज गार्ड

आप बड़ी या भारी चीजें जैसे कि बड़ी बोतलें और डिब्बे रख सकते हैं।

आंतरिक भागों को निकालना

फ्रीजर शेल्फ़

शेल्फ़ को बाहर खींचें और उसे बाहर निकालें।



रेफ्रिजरेटर शेल्फ़

शेल्फ़ को आगे की ओर खींचें जब तक वह स्टॉपर से न टकराए।
शेल्फ़ के अग्र भाग को मोड़ें और बाहर निकालें।



सब्ज़ियों का बॉक्स

नमीयुक्त सब्ज़ियों के बॉक्स को आगे की ओर खींचें और उसे रेफ्रिजरेटर से बाहर निकालें।
उसे रेफ्रिजरेटर से बाहर खींचें।



DA68-02996A-01.indb 23 2014. 1. 14. 9:41

उपयोगिता गार्ड

उपयोगिता गार्ड को ऊपर उठाएँ और उसे बार खींचें।
(यह उपयोगिता गार्ड समायोजन योग्य है और आपकी अवश्यकता के अनुसार लगाया जा सकता है।)



बोतल संग्रहण गार्ड

गार्ड को ऊपर उठाएँ और उसे बार खींचें।
(यह बोतल गार्ड समायोजन योग्य नहीं है और केवल एक ही स्थान पर लग सकता है।)



रेफ्रिजरेटर की सफाई

चेतावनी

सफाई के लिए बेंजीन, थिनर या Clorox™ का उपयोग न करें। वे उपकरण की सतह को क्षतिग्रस्त कर सकते हैं और आग का जोखिम उत्पन्न कर सकते हैं।
बिजली का प्लग लगा होने पर रेफ्रिजरेटर पर पानी का स्प्रे न करें, क्योंकि इससे बिजली का झटका लग सकता है।
आग के जोखिम से बचने के लिए रेफ्रिजरेटर को बेंजीन, थिनर या कार डिटर्जेंट से साफ न करें।

1. रेफ्रिजरेटर की बिजली की तार को प्लग से निकाल दें।
2. मुलायम रोएँ रहित कपड़े या काग़ज के तौलियो को थोड़ा पानी में भिगाएँ।

रेफ्रिजरेटर को साफ करने के लिए किसी प्रकार के डिटर्जेंट का उपयोग न करें क्योंकि वह रेफ्रिजरेटर का रंग उड़ा सकता है या उसे क्षतिग्रस्त कर सकता है।

3. रेफ्रिजरेटर के साफ और सूखा होने तक उसे भीतर और बाहर से पोछें।
4. रेफ्रिजरेटर की बिजली की तार को प्लग में लगाएँ।

LED लैंप बदलना

आंतरिक या बाहरी LED लैंप खराब होने पर, कृपया अपने सर्विस एजेंट से संपर्क करें।

DA68-02996A-01.indb 24 2014. 1. 14. 9:41

समस्या-निवारण

समस्या	समाधान
उपकरण बिल्कुल नहीं चल रहा है या तापमान बहुत अधिक या कम है।	रेफ्रिजरेटर के लिए निम्न की जाँच करें: • जाँचें कि पावर प्लग ठीक से कनेक्ट है। • जाँचे कि बिजली का फ़्यूज जल रहा है। • क्या तापमान नियंत्रण या नियंत्रण पैनल ठीक प्रकार सेट है? • क्या उपकरण पर सूर्य का प्रकाश पड़ रहा है या उसके पास गर्मी के स्रोत हैं? • क्या उपकरण का पिछला भाग दीवार के बहुत पास है? • रेफ्रिजरेटर के कमरे के तापमान पर आने तक भोजन संग्रहीत न करें। • क्या आपने रेफ्रिजरेटर या फ्रीजर के दरवाज़े को बहुत लंबे समय तक खुला छोड़ा है? अगर समस्या होती है, तो अपने सर्विस एजेंट से संपर्क करें।
रेफ्रिजरेटर में रखा भोजन जमा हुआ है।	• क्या तापमान नियंत्रण या नियंत्रण पैनल सबसे ठंडे तापमान पर सेट है? • क्या आस पास का तापमान बहुत कम है?
असामान्य आवाज़ें आ रही हैं।	• जाँचें कि उपकरण एक स्थिर, समतल सतह पर स्थापित है। • क्या उपकरण का पिछला भाग दीवार के बहुत पास है? • क्या उपकरण के पीछे या नीचे कोई बाहरी वस्तु गिर गयी है? • क्या आवाज़ उपकरण में लगे कंप्रेसर से आ रही है? • जब विविध साहयक उपकरण संकुचित या विस्तृत होते हैं तब टिक-टिक की आवाज़ सुनाई देती है।
उपकरण के सामने के किनारे और साइड गर्म हैं और संघनन प्रारंभ हो गया है।	• संघनन को बनने से रोकने के लिए उपकरण के सामने के किनारों में ऊष्मा-रोधी पाइपें लगी हैं। जब आस पास का तापमान बढ़ता है, तो हो सकता है यह हमेशा प्रभावी न रहे। हालाँकि, यह असामान्य बात नहीं है। • बहुत नम मौसम में, जब हवा में मौजूद नमी उपकरण की ठंडी सतह के संपर्क में आती है तो उपकरण की बाहरी सतह पर संघनन बन सकता है।
आप उपकरण में द्रव के बुदबुदाने की आवाज़ सुन पा रहे हैं।	• यह रेफ्रिजरेंट है, जो उपकरण के भीतरी भाग को ठंडा करता है।
उपकरण के भीतर बदबू हो रही है।	• क्या रेफ्रिजरेटर के भीतर कोई भोजन फैल गया है? • सुनिश्चित करें की तीक्ष्ण गंध वाला भोजन (उदाहरण के लिए मछली) को लपेटा गया है ताकि वह वायुरुद्ध रहे। • समय-समय पर अपने रेफ्रिजरेटर की सफ़ाई करें और किसी भी खराब या संदेहस्पद भोजन के फेंक दें।
उपकरणों की दीवारों पर तुषार की परत जम गई है।	• क्या रेफ्रिजरेटर के भीतर रखे भोजन से हवा के निकासी छिद्र अवरोधित हो गए हैं? • वायु संचार को बेहतर बनाने के लिए भोजन को जितना संभव हो सके उतना दूर रखें। • क्या दरवाज़ा पूरी तरह बंद है?
उपकरण की भीतरी दीवारों या सब्जियों के आस पास संघनन हो गया है।	• उच्च नमी स्तर पर पानी की अधिक मात्रा वाला भोजन बिना किसी कवर के संग्रहीत किया गया है या दरवाज़ा बहुत लंबे समय के लिए खुला छोड़ दिया गया है। • भोजन को ढक कर या सीलबंद पात्रों में संग्रहीत करें।

संस्थापन (इंस्टालेशन) के समय एसेसरीज (गार्ड, शेल्फ, वेज बॉक्स, वेज कवर, चिलर ट्रे, डेयरी पॉकेट्स, लैम्प, रेफ्रिजेरेन्ट) का निरीक्षण किया जाना चाहिए। यह वारंटी के अंतर्गत कवर नहीं हैं।
हमारे सर्विस इंजीनियर इन्हें लागत मूल्य पर बदलेंगे।

DA68-02996A-01.indb 25 2014. 1. 14. 9:41

परिवेशी कक्ष तापमान सीमाएँ

इस रेफ्रिजेरटर को उस परिवेशी तापमान में संचालित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है जो रेटिंग प्लेट पर चिह्नित इसकी तापमान श्रेणी द्वारा निर्दिष्ट है।

श्रेणी	प्रतीक	परिवेशी तापमान सीमा (°C)	
		IEC 62552 (ISO 15502)	ISO 8561
विस्तृत परिमित	SN	+10 से +32 तक	+10 से +32 तक
परिमित	N	+16 से +32 तक	+16 से +32 तक
उपोष्णकटिबंधीय	ST	+16 से +38 तक	+18 से +38 तक
उष्णकटिबंधीय	T	+16 से +43 तक	+18 से +43 तक

रेफ्रिजरेटर के स्थान, परिवेश के तापमान और आपके द्वारा दरवाज़ा खोले जाने की आवृत्ति जैसे कारकों से रेफ्रिजरेटर का आंतरिक तापमान प्रभावित हो सकता है।
इन कारकों की प्रतिपूर्ति करने के लिए तापमान को आवश्यकतानुसार समायोजित करें।

हिंदी

इस उत्पाद का सही निपटान

(अपशिष्ट इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण)

(पृथक संग्रहण प्रणालियों वाले देशों में लागू)

इस उत्पाद, सहायक उपकरणों या इसके दस्तावेज़ों पर स्थित चिह्नांकन दर्शाता है कि इस उत्पाद, इसके इलेक्ट्रॉनिक सहायक उपकरणों (जैसे चार्जर, हैडसेट, USB केबल) का जीवनकाल समाप्त होने पर उनका निपटान अन्य घरेलू कचरे के साथ नहीं किया जाना चाहिए। अनियंत्रित अपशिष्ट निपटान से पर्यावरण और मनुष्यों को होने वाले नुकसान को रोकने के लिए, कृपया इन आइटम को अन्य प्रकार के कचरे से अलग कर दें और सामग्री संसाधनों के दीर्घकालिक पुनः उपयोग को बढ़ावा देने के लिए उन्हें ज़िम्मेदारी से रिसाइकल करें।

पर्यावरणीय रूप से सुरक्षित रिसाइकलिंग के लिए उत्पाद कहाँ और कैसे ले जाना है, इसके विवरण के लिए घरेलू उपयोगकर्ताओं को या तो उस विक्रेता से संपर्क करना चाहिए जिससे उन्होंने उत्पाद खरीदा था या अपने स्थानीय सरकारी कार्यालय से संपर्क करना चाहिए।

व्यावसायिक उपयोगकर्ताओं को अपने आपूर्तिकर्ता से संपर्क करना चाहिए और खरीद अनुबंध की नियम और शर्तें जाँचनी चाहिए। यह उत्पाद और इसके इलेक्ट्रॉनिक सहायक उपकरणों को निपाटन के लिए अन्य वाणिज्यिक कचरे का साथ नहीं मिलाना चाहिए।

सुरक्षित निपटान और रिसाइकल करने के बारे में अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट www.samsung.com पर जाएँ या नीचे दिए हेल्पलाइन नंबर पर SAMSUNG WORLD WIDE से संपर्क करें।

SAMSUNG वर्ल्ड वाइड से संपर्क करें
यदि आपके पास Samsung उत्पादों से संबंद्ध कोई प्रश्न या टिप्पणियाँ हैं, तो कृपया
SAMSUNG ग्राहक सेवा केंद्र से संपर्क करें।

1800 3000 8282
1800 266 8282
www.samsung.com/in

DA68-02996A-01